
# पर्यटकों के लिए बने ब्रोशर का विमोचन



## कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया विमोचन, इसमें होम स्टे भी शामिल पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध है छिंदवाड़ा जिला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों की विशेष जानकारी और फोटोग्राफ से सुसज्जित पर्यटन ब्रोशर का विमोचन कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार ने आज बुधवार को किया। यह ब्रोशर जिला पुरातत्व, पर्यटन और संस्कृति परिषद की पहल पर चार प्रकार में प्रकाशित किया गया है जिसमें पहली बार मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित ग्रामीण होम स्टे को भी शामिल किया गया है।

इस ब्रोशर में जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों जैसे देवगढ़, माचागोरा डेम, पेंच नेशनल पार्क, तामिया, पातालकोट और जिले के प्रमुख झरनों, सतपुड़ा की घाटियों तथा विभिन्न देव स्थानों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

इन स्थलों को आकर्षक फोटोग्राफ और सूचनाओं के माध्यम से दर्शाया गया है ताकि पर्यटक इन स्थलों की विशेषता और सांस्कृतिक महत्व को समझ सकें।

पर्यटकों की जानकारी और सुविधा के लिए यह ब्रोशर जिले के सभी होम स्टे और प्रमुख होटलों में उपलब्ध कराया जाएगा। इसका उद्देश्य छिंदवाड़ा आने वाले पर्यटकों को जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी देना है जिससे वे यहां की संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य का पूरा आनंद उठा सकें।

इसके साथ ही इन ब्रोशर को जिले के स्कूलों, कॉलेजों और अन्य प्रमुख संस्थानों में भी रखा जाएगा ताकि छात्रों और आम नागरिकों को भी छिंदवाड़ा के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी मिल सके। विमोचन के इस विशेष अवसर पर जिला पुरातत्व, पर्यटन और संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत और पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी भी उपस्थित रहे।

# सांसद ने लिया मुनिश्री का आशीर्वाद



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा पांढुरना-संसदीय क्षेत्र के सांसद बंटी विवेक साहू सकल जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल के साथ गुरुदेव के दर्शन करने के लिए सागर पहुंचे।

सांसद ने पूज्य मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज जी के दर्शन किए एवं उनका आशीर्वाद लिया। सांसद ने गुरुदेव से निवेदन किया कि आपका मंगल सानिध्य छिंदवाड़ा को प्राप्त हो। इस अवसर पर रत्नेश जैन, चंद्र प्रकाश (चंदू) जैन, अनिल गोयल, राजेंद्र पटौदी, प्रमोद पाटनी, पवन अजमेरा, पलास जैन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## डीसीए क्रिकेट चैंपियनशिप 10 नवंबर से

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला क्रिकेट संघ के सचिव आशीष त्रिपाठी ने बताया कि 10 नवंबर दिन रविवार से डीसीए क्रिकेट चैंपियनशिप की शुरुआत स्थानीय इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान में होने जा रही है इस प्रतियोगिता में जिला क्रिकेट संघ से रजिस्टर्ड 61 क्रिकेट क्लब हिस्सा लेंगे। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जे.पी. सिंह ने क्रिकेट प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# मंत्री परिहार ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में 6 नवम्बर को विद्या भारती मध्य क्षेत्र मंत्री जितेन्द्र सिंह परिहार का अल्प प्रवास पर आगमन हुआ। संस्था अध्यक्ष निरंजन सिंह पटैल व्यवस्थापक धर्मेन्द्र सिंह ममार सदस्य अजय प्रताप सिंह महाकौशल प्रांत परीक्षा प्रमुख डॉ. संतोष कनोजिया, संस्था प्राचार्य राकेश कुमार स्थापक, प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटैल जिला संस्कार प्रभारी राजेश मेहरा की उपस्थिति इस अवसर पर रही।



श्री परिहार ने आचार्य परिवार की बैठक के माध्यम से विद्या भारती योजनांर्गत विषयों पर मार्गदर्शन देते हुये विद्या भारती पंचपदी शिक्षा पद्धति तथा विद्या भारती के पाँच आयामों पर प्रदान की जा रही शिक्षा पद्धति के वैशिष्ट्य को रखा। विद्या भारती लक्ष्य पूर्ति के संकल्प पर ध्यान केन्द्रित किया। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुये संस्कार क्षम्य शिक्षा के महत्व को उद्घाटित किया साथ ही बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे विद्यार्थीयों को प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज करने के लिये प्रेरित किया। हारमोनियम, तबला, ढोलक वादन का संगीत आचार्य रामशंकर पटैल द्वारा प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थीगण ने उपस्थित अतिथिगण के मध्य प्रदर्शन किया तथा पूर्व छात्रो से विद्यालय परिसर में स्थापित माँ सरस्वती मंदिर की भव्यता दिव्यता प्रदान करने के लिये अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए आग्रह किया।

## सार समाचार

### नाबालिग बालिका के अपहरण व दुष्कर्म के जुर्म में उम्रकैद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म करन वाले को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाते हए पाँच हजार रूपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एपी सिंह के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों (विवेचना अधिकारियों) को चिन्हित एवं सभी प्रकरणो में निरंतर मॉनीटरिंग करने व न्यायालय द्वारा जारी समंस/वारंटो की त्वरित तामीली एवं समय पर साक्षियों/वारंटियो की न्यायालय में उपस्थिति कराने के संबंध में विशेष दिशा निर्देश दिये गये हैं।

दुष्कर्म करने वाले आरोपी द्वारा घटित अपराध का विवरण इस प्रकार हैं कि पीड़िता की मां निवासी केवलारी ने थाना माहुलझिर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 03 जून 2024 को यह गांव के कोटवार के खेत में मूँग काटने और इसका पति कुआं के काम में मजदूरी करने सुबह 07.00 बजे घर से चले गये थे, घर में चारों लड़कियां थी, यह दिन के करीब 11.00 बजे घर वापस आई तो इसकी लड़की घर पर नहीं थी गांव की बच्ची ने बतायी कि वह घर के पीछे आम के पेड़ के पास खेल रही थी पता नहीं कहां चली गई। फिर यह और इसके पति ने बच्ची को आस पड़ोस और मोहल्ले में तलाश किये जो कहीं नहीं मिली तब यह बच्ची को ढूँढने ग्राम चावलपानी रोड तरफ जा रही थी तभी बच्ची रोते रोते बाड़ी तरफ से रास्ते से घर आ रही थी तब इसने बच्ची को घर ले जाकर पूछी तो बताई कि वो आम के पेड़ के पास खेल रही थी तब संजू भैय्या ने उठाकर कोड़ानाला तरफ ले जाकर बुरा काम (बलात्कार) किया। किसी को बतायी तो जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 52/24 धारा 363, 376, (ए, बी), 506 भादंवि, 5(एम), 5/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की तत्परतापूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना की जाकर अभियोग पत्र माननीय पेश कर अभियोजन के दौरान साक्षियों को नियत दिनांक को माननीय न्यायालय उपस्थित कराकर साक्ष्य कराई गई। प्रकरण में न्यायालय महेन्द्र मंगोडिया, अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा द्वारा पारित निर्णय दिनांक 06 नवम्बर 2024 पर आरोपी सुम्मीलाल उर्फ संजू भलावी पिता मदनलाल भलावी उम्र 34 साल निवासी ग्राम केवलारी थाना माहुलझिर को आजीवन कारावास (शेष प्राकृत जीवनकाल तक) की सजा एवं 5000/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया हैं। प्रकरण की विवेचना थाना प्रभारी माहुलझिर रविन्द्र पवार द्वारा की गई हैं।

### इलाज के लिए सांसद ने दिलाई 30 हजार की आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन द्वारा छिंदवाड़ा-पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के लोगों के इलाज के लिए लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पगारा निवासी मोहम्मद जाकिर परवेज पिता शेख रमजान को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्वेच्छानुदान मद से 30000 की आर्थिक सहायता इलाज के लिए उपलब्ध कराई गई है। और मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है। परिजनों ने सांसद से मिलकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मांग की थी। सांसद के प्रयासों से मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए राशि स्वीकृत की हैं।

### रोल प्रेक्षक की उपस्थिति में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक 10 नवंबर को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2025 के कार्य की समीक्षा के संबंध में मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम भोपाल प्रबंध संचालक दिलीप कुमार 10 नवंबर 2024 को छिंदवाड़ा भ्रमण के दौरान दोपहर 12 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में स्टेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा के.सी. बोपचे ने सांसद विधायक एवं सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों से इस बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### 15 नवंबर को सार्वजनिक छुट्टी घोषित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** आगामी 15 नवंबर को राज्य में कैलेंडर के अनुसार छुट्टी रहेगी। इसे सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी किया गया है। 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा है और कार्तिक पूर्णिमा हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण त्यौहार है इसलिए इस दिन छुट्टी देने का निर्णय लिया गया है। 15 नवंबर को गुरु नानक जयंती भी है इसे प्रकाश पर्व भी कहते हैं इसलिए इस दिन छुट्टी रहेगी।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में इंदौर अव्वल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के संरक्षण में जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग जिला छिंदवाड़ा द्वारा राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के समापन एवं पुरूस्कार वितरण के अवसर पर एस.डी.एम. सुधीर जैन, जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, सहायक संचालक डी.पी. डेहरिया, लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से प्रतिनिधि फील्ड आफिसर पी. शांति रूवरूपा सोंगा, प्रतियोगिता प्रभारी प्राचार्य अवधूत काले, सुधीर मिश्रा, जिला कीड़ा अधिकारी के. एस. श्रीवास्तव, भाजपा खेल प्रकोष्ट संयोजक अंकित सोलंकी, एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष पोप सिंह वर्मा सहित विभागीय प्राचार्य खिलाड़ियों के उत्सावर्धन हेतु विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल द्वारा स्वागत भाषण एवं प्रतियोगिता का प्रतिवेदन वाचन किया गया। एस.डी.एम. सुधीर जैन ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्राफी, स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक, प्रावीण्य प्रमाण पत्र सहित समस्त प्रतिभागी खिलाड़ियों को सहभागी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी चांद द्वारा समस्त प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रदान की गई। इस प्रतियोगिता में 09 संभाग- इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, उज्जैन, सागर, रीवा, शहडोल, जबलपुर एवं जनजातीय कार्य विभाग सहित 100 बालक/बालिकाएं प्रतियोगिता में शामिल हुए। उक्त प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संचालित कराने हेतु राज्य स्तर लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से नियुक्त स्टेट आफिशियल्स राकेश चौरसिया छिंदवाड़ा, हर्षदीप सिंह भोपाल, उमेश बारिया नर्मदापुरम, रूपेश अहिरवार सागर, भावना गायकवाड़ सिवनी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रतियोगिता के दौरान आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु म.प्र. दल का गठन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा नियुक्त स्टेट आफिशियल्स द्वारा किया गया ।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के संचालन में आशालता माहुले, प्रताप इवनाती, संजीव आनदेव, योगेश्वर चौरिया, रमेश मोहबिया, आनंद गिरीपुंजे, नंदकिशोर बेलवंशी, उर्मिला उपाध्याय, वर्षा जाधव, फिरोज खान, मुकेश कुरमेती, सौरभ पोहकर, वसीम खान, रविन्द्र नाग, रेवाराम बनवारी, नरेन्द्र चौरसिया, विजय पाटिल, महेश डोंगरे, युवराज डोंगरे सहित समस्त खेल शिक्षक व विभागीय कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा द्वारा एम्बुलेंस व चिकित्सा सुविधा, नगर पालिक निगम, छिंदवाड़ा द्वारा प्रतियोगिता स्थल एवं आवास व्यवस्था स्थल की साफ सफाई करने तथा पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई गई।

## प्रतियोगिता के परिमाण

14 वर्ष बालक वर्ग प्रथम- इंदौर, द्वितीय-जबलपुर, तृतीय- भोपाल। 14 वर्ष बालिका वर्ग- प्रथम- इंदौर, द्वितीय- जबलपुर और तृतीय- भोपाल रहे।

## आनंदम फीडर से संबंधित सभी क्षेत्रों में आज विद्युत बाधित रहेगी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग अंतर्गत 33/11 के.व्ही. एल.टी. लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून के बाद रख-रखाव कार्य के कारण 07 नवंबर गुरूवार को छिंदवाड़ा शहर संभाग के सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक बाधित रहेगी।

उन्होंने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत सोनपुर रोड उपकेन्द्र 11 के.व्ही. आनंदम फीडर एवं फीडर कोड.18926 से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा।

# 48 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 922 मरीजों का हुआ उपचार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य की श्रृंखला में सांसद बंटी विवेक साहू की की पहल पर आयोजित किए जा रहे है। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का आसानी से इलाज हो रहा है, 48 वा स्वास्थ्य शिविर पांढुरना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मारूड़ में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 932 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 922 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गये 10 गंभीर मरीजो को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष सुनील सुनील रबड़े सहित एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 49 वां स्वास्थ्य शिविर आज

पाण्ढुर्णा जिले के अंतर्गत आने वाले सौसर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आज स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत पांडरखेड़ी में आयोजित किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष सदानंद डोंगरे ने क्षेत्र के लोगों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच कराकर इलाज कराने की अपील की है ताकि गरीब एवं असहाय व्यक्ति भी इस शिविर में आकर अपना उपचार करवाऐं, जांच करवाऐं ताकि समय रहते अगर बीमारी हो तो उसका उपचार किया जा सके की भी अपील की है।



# हर्षोल्लास से मनाया जाएगा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्मदिवस

## जिले में होंगे विविध कार्यक्रम, प्रख्यात कवि कुमार विश्वास देंगे प्रस्तुति

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आधुनिक छिन्दवाड़ा के निर्माता, म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्मदिवस 18 नवम्बर को हर्षोल्लास व धूमधाम से उनकी मौजूदगी में मनाया जाएगा। श्री नाथ के जन्मदिवस की तैयारियों को लेकर आज शहर कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न आयोजनों को लेकर उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव रखे तो वहीं वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा उपस्थित कांग्रेसजन के समक्ष प्रस्तुत की।

कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को कमलनाथ व नकुलनाथ व स्वयं की ओर से दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें दी।अपने नेता की दीर्घायु, सफल व स्वास्थ्य जीवन के लिये नगर सहित छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले में धार्मिक आयोजनों के साथ ही विशेष पूजन पाठ व अनुष्ठान के साथ ही सर्वधर्म सभा आयोजित की जाएगी। मानव सेवा व कल्याण से जुड़े विविध आयोजन सम्पूर्ण जिले में कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा आयोजित किये जायेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने बताया कि पूर्व सी.एम. कमलनाथ के जन्मदिवस पर नगर सहित सम्पूर्ण जिले में प्रातः 8 बजे से विविध आयोजन प्रारम्भ होंगे। राजीव कांग्रेस भवन में कमलनाथ की उपस्थिति में सर्वधर्म सभा का आयोजन किया जाएगा जिसके उपरांत केक काटा जावेगा।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आयोजित शहर कांग्रेस की बैठक को सम्बोधित करते हुये श्री ओक्टे ने कहा कि शेष सम्पूर्ण कार्यक्रम पूर्व की भांति ही होंगे उनके समय का निर्धारण अविलम्ब किया जाएगा। राजीव कांग्रेस भवन में प्रातः 10 बजे कमलनाथ का आगमन होगा।

आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगप्रसाद तिवारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सर्वप्रथम सिद्ध सिमरिया धाम हनुमान मंदिर पहुंचकर संकट मोचन हनुमान जी महाराज के दर्शन व पूजन अर्चन करेंगे, तत्पश्चात उनका कांग्रेस भवन में आगमन होगा। उन्होंने सभी को तैयारियों में जुटने हेतु निर्देशित किया साथ ही कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने, सभी की उपस्थिति व सहभागिता पर जोर दिया। आयोजित बैठक में जामई प्रभारी गोविंद राय ने आयोजन को लेकर अपने सुझाव रखे।

मोर्चा संगठन के प्रभारी आनंद बक्षी ने कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराते हुये बताया कि अनगढ़ हनुमान मंदिर, छोटी बाजार स्थित श्रीराम मंदिर, नगर शक्तिपीठ बड़ी माता मंदिर में पूजा अर्चना करने के साथ ही भैयाजी की दरगाह पर चादर चढ़ाई जाएगी। इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल में फल वितरण व वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन वितरण किया जायेगा।

नगर पालिक निगम अध्यक्ष सोनू मांगो ने शहर कांग्रेस की आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में आतिशबाजी व केक काटकर कमलनाथ का जन्मदिन मनाया जायेगा। उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन लेकर आगामी तैयारी भी जल्द ही पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किया। बैठक में मंच संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव द्वारा किया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के जन्मदिवस पर देश के सुप्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास प्रस्तुति देंगे। कुमार विश्वास के साथ ही देश व प्रदेश के अन्य ख्यातिलब्ध कवि व कलाकारों के द्वारा सुमधुर प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम 18 नवम्बर की शाम को आयोजित किया जाएगा जिसका स्थान व समय जल्द ही निर्धारित किया जाएगा।

# अधिवक्ता संघ के जिलाध्यक्ष बने राजकुमार मिश्रा





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ छिंदवाड़ा के दो वार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को न्यायालय परिसर में मतगणना हुई, जिसमें चार प्रत्याशियों में से राजकुमार मिश्रा ने जीत हासिल की। अध्यक्ष पद पर राजकुमार मिश्रा ने चौधरी रामेसिंह को 163 मतों से हराया। राजकुमार को 372, राजेंद्र सिंह बैस को 97, संजर गुजर को 118, चौधरी रामेसिंह ने 163 वोट हासिल किए।

उपाध्यक्ष पद के लिए सुनील कुमार लालवानी ने 296 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। ममता नामदेव को 90, श्याम शिवहरे को 71, राजकुमार पवार को 283 मत मिले।

सामान्य सचिव पद पर कमलेश साहू ने देवेंद्र वर्मा को 21 मतों से हराया। देवेंद्र कुमार वर्मा को 277, अजय भांगे को 129, नंदकिशोर साहू को 298 मत मिले ।सह सचिव पद पर अवधेश श्रीवास्तव 312 मत लेकर जीत हासिल की। हिमेश शुक्ला को 291 नीतू यादव को 111 मत मिले।

सचिव वित्त पद के लिए जय राय ने सर्वाधिक 446 मत हासिल किए। संजय कुमार चौकसे को 115, शरद मालवीय को 140 मत मिले। कार्यकारणी सदस्य के लिए राहुल तिवारी, जितेन्द्र डोंगरे, कमलेश कुमार ईलाईतकर, रीता मालवीय, वंदना टांडेकर, भानुश्री कोल्हे, निलेश चौरसिया, कमलेश कपाले, गीता पवार को जीत मिली। रीता मालवीय को सर्वाधिक 480 मत मिले। दो प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा।

जीत के बाद राजकुमार मिश्रा ने अधिवक्ताओं के हित में काम करने की बात कही। गौरतलब है कि बीते मंगलवार को न्यायालय परिसर में मतदान हुआ था, जिसमें 889 में से 771 अधिवक्ताओं ने मतदान किया था।

**राजकुमार ने की वापसी**– वैसे तो जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव दलीय आधार पर नहीं होते, लेकिन चुनाव में कहीं न कहीं सियासत हावी रहती है। राजकुमार मिश्रा पूर्व सी.एम. कमलनाथ के करीबी रहे हैं और चुनाव एजेंट भी रह चुके हैं। पिछले चुनाव में राजकुमार मिश्रा को हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार राजकुमार मिश्रा ने कड़ी मेहनत की बदौलत जीत हासिल की। अध्यक्ष पद के लिए राजकुमार मिश्रा, राजेन्द्र सिंह बैस, संजय गुजर, चौधरी रामेसिंह मैदान में थे।

छाया– शेख अल्फाज

## एफआईआर होने के बाद जमा हुआ संपत्ति कर, नगर निगम कर रहा है बकायादारों पर कार्रवाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर निगम का राजस्व अमला शहर में अभियान चलाकर संपत्ति कर, जलकर एवं दुकान किराया प्रीमियम की वसूली कर रहा है।

इसी क्रम में अभियान के दौरान विगत दिनों राजस्व अमले के दल से वार्ड क्रमांक 45 निवासी भवन स्वामी राजेंद्र तिमोथी ने हुज्जत करते हुए गाली गलौच एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया था। इसके साथ ही झूमा झटकी भी की थी। दल का नेतृत्व नगर निगम उपायुक्त कमलेश निरगुडकर का रहे थे। घटना की शिकायत देहात थाने में भी की गई थी। इस घटनाक्रम के उपरांत बुधवार को उक्त भवन स्वामी द्वारा नगर निगम कार्यालय पहुंचकर अपने बकाया कर की राशि जमा की गई। इस प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई थी।

### सार-समाचार

## एक प्रधान पाठक को अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा माध्यमिक शाला बिलावरकला विकासखंड जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा के प्रधानपाठक नरेन्द्र सिंह ठाकुर को अंतिम कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुये स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं ।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि छात्राओं से अश्लील हरकते करने के कारण माध्यमिक शाला बिलावरकला विकासखंड जुन्नारदेव के प्रधानपाठक नरेन्द्र सिंह ठाकुर के विरूद्ध कार्यालयीन आदेश 30 अगस्त 2022 द्वारा प्रधानपाठक श्री ठाकुर को निलंबित किया जाकर कार्यालयीन पत्र 08 सितंबर 2022 द्वारा आरोप पत्र आदि दिये जाकर उत्तर चाहा गया। प्रधान पाठक श्री ठाकुर के द्वारा प्रस्तुत आरोप पत्र का उत्तर समाधानकारक नहीं होने के कारण प्रधानपाठक श्री ठाकुर के विरूद्ध विभागीय जांच करने का निर्णय लिया गया। विभागीय जांच अधिकारी द्वारा 04 अक्टूबर 2024 को विभागीय जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रधान पाठक श्री ठाकुर के विरूध्द लगाये गये आरोप पूर्णतः सत्य होना प्रतिवेदित किया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा प्रधानपाठक श्री ठाकुर को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का एक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। साथ ही विभागीय जांच प्रतिवेदन की एक प्रति आपकी ओर संलग्न कर भेजी गई है। यदि प्रधानपाठक श्री ठाकुर अपने पक्ष में कोई अभिलेख/दस्तावेजी साक्ष्य आदि प्रस्तुत करना चाहते है, तो नोटिस मिलने के 07 दिवस की समयावधि में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जुन्नारदेव के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करें उत्तर प्राप्त नहीं होने अथवा समाधानकारक नहीं होने की स्थिति में प्रधानपाठक श्री ठाकुर के विरूध्द मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण एवं अपील) नियम 1966 (1द्वद्वद्व) में दिये गये प्रावधानों के तहत सेवा से बर्खास्त करने संबंधी दीर्घ शास्ती अधिरोपित कर प्रधानपाठक श्री ठाकुर को दंडित कर दिया जायेगा ।

## कन्या शाला में बालिकाओं को वितरित की साइकिलें

अमरवाड़ा, देशबन्धु। बुधवार को पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं को साइकिल एवम् वितरण स्पोर्ट्स शूट वितरण समारोह क्षेत्रीय विधायक राजा कमलेश शाह के मुख्य आतिथ्य नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी की अध्यक्षता भाजपा ज़िला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ ।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजा कमलेश शाह ने कहा मध्यप्रदेश सरकार बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने साइकिल स्कूटी लैपटॉप निःशुल्क वितरण कर रही है। स्कूलों में निःशुल्क मध्यान्न भोजन स्कूल ड्रेस भी सरकार उपलब्ध करा रही है जिससे आप सब अच्छे से चिंतामुक्त होकर पढ़ सके।

स्कूल के प्रिंसिपल अनिल नेमा की माँग पर विधायक कमलेश शाह द्वारा पाँच लाख रुपये की विधायक निधि स्कूल भवन में कवेलू



के स्थान पर टीन शेड निर्माण हेतु देने की घोषणा की। आयोजित कार्यक्रम को नपा अध्यक्ष प्रीति तिवारी, टीकाराम चंद्रवंशी ने संबोधित कर शासन की योजनाओं की जानकारी दी ।

विधायक द्वारा ग्राम चारगाँव में आयोजित दंगल में उपस्थित होकर पाँच हज़ार की सहयोग राशि आयोजन समिति को प्रदान की गई तथा ग्रामीणों की समस्याये सुनकर त्वरित निराकरण किया गया ।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा, भाजपा नेता नितिन तिवारी, शैलेंद्र पटेल, विनोद चन्द्रवंशी, विनोद चौरसिया, विनोद साहू, सुरेश साहू, राधेलाल डेहरिया, राजकुमार बरकड़े, अर्पित लाला श्रीवास्तव, अनुभव परिहार, अतुल यादव, ओमप्रकाश मिश्रा, अमर गिरी, तरुण शुक्ला, शालेय शिक्षक-छात्राये उपस्थित रहे ।

# नवाचार देखने पहुंचे पांढुर्णा कलेक्टर

## हिवरासेनाडवार में प्रगतिशील किसान की देखी खेती



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा द्वारा ए.पी.सी. बैठक के परिप्रेक्ष्य में कल 06 नवंबर 2024 को विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा पांढुर्णा जिले में खरीफ फसल कपास का क्षेत्र विस्तार एवं कपास के साथ अंतरवर्तीय फसल के रूप में अरहर फसल अंतरवर्तीय पद्धति से कपास की खेती, ग्रीष्मकालीन ज्वार, मूंगफल्ली, मक्का फसल को बढावा देने की बात कही गई।

पांढुर्णा कलेक्टर श्री शर्मा द्वारा सभी कृषि संबंध विभाग उप संचालक पशुपालन, उप संचालक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण एवं मैदानी अधिकारियों के साथ हिवरासेनाडवार के प्रगतिशील किसान नामदेव रबडे के खेत में पहुंचकर उनके द्वारा किये जा रहे नवाचार पपीते की खेती, टमाटर, फूल गोभी, केले की खेती का निरीक्षण किया गया। श्री रबडे द्वारा किये जा रहे नवाचार की सराहना की गई एवं जिले के सभी किसानों को इस तरह पारंपरिक खेती के साथ ही नवाचार के रूप में अन्य फसलों को अपनाने की अपील की गई जिससे किसानों को प्रति इकाई क्षेत्रफल से अच्छा लाभ प्राप्त हो सकेगा।

निरीक्षण के क्रम में प्रगतिशील कृषक पुरनसिंह खानवे के खेत में पहुंचकर संतरे, पिंक ताइवान अमरूद की फसल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार, सहायक संचालक कृषि दीपक चौरासिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुनील गजभिये, विनोद लोखंडे, नितिन डेहरिया, राहुल सरयाम, साक्षी खरात, उद्यानिकी विभाग के सिध्दार्थ दुपारे, पशु चिकित्सा विभाग के केतन पांडे एवं व्यापारी संघ के निकेश खानवे, आलोक नाहर, संजय, रूपेश कसलीकर, किशोर डाले, रूपेश राजगुरू एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

## परिवहन विभाग के दल ने की वाहनों की जांच

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा गत दिवस छिंदवाड़ा-जुन्नारदेव मार्ग में सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जिसमें सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध



लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिंदवाड़ा-जुन्नारदेव मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 18 वाहनों पर 31200 रूपये का जुर्माना लिया गया। वाहन क्रमांक एम.पी. 28 पी-0722 को रेल्वे स्टेशन के पास अघोषित बस स्टैंड पर वाहन को अव्यवस्थित रूप से खड़ा कर सवारियां भरते एवं उतारते पाये जाने पर वाहन को जप्त कर थाना कुण्डीपुरा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। साथ ही वाहन चालक सतीश कुमार सोनी निवासी गढ़ा जबलपुर के ड्रायविंग लायसेंस क्रमांक एम.पी.- 20 20060154226 के निलम्बन की कार्यवाही की गई एवं इस वाहन के परमिट निलम्बन के लिये संबंधित सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार को पत्र प्रेषित किया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर मोटरयान अधिनियम अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।



## खाद्य विभाग के जांच दल ने की विकासखंड जुन्नारदेव के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा गत दिवस जिले के विकासखंड जुन्नारदेव के अंतर्गत घरेलू प्रवर्ग गैस सिलेंडर के अवैध उपयोग की आकस्मिक रूप से होटल ढाबों एवं अन्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच में नीम ढाना ढाबा, गोल्डी होटल, बंटी चौहान सीएससी, अग्रवाल किराना, अंगद सीएससी, जायका रेस्टोरेंट की जांच की गई।

इस जांच में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग संग्रहण नहीं पाया गया। जांच दल में सहायक आपूर्ति अधिकारी सुश्री अंजू मरावी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गीतराज गेडाम, राघवेन्द्र लिल्होरे, रविन्द्र कुमरे एवं सुमित चौधरी शामिल थे ।

# 14 दिसम्बर की लोक अदालत को लेकर बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा सुशांत हुद्दार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के कुशल नेतृत्व में 14 दिसंबर 2024, दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई एवं तामिया में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा।



इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चैक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा।

इसी प्रकार नगर निगम के संपत्तिकर एवं जलकर के तथा विद्युत अधिनियम, बैंक तथा बी.एस.एन.एल. के वसूली के तथा धारा 138 एन.आई.एक्ट तथा समस्त प्रकार के समझौता योग्य प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा।

उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में कल 06 नवम्बर 2024 को जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा प्रेमपालसिंह ठाकुर के द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में सचिव द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर 2024 में लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु नेशनल लोक अदालत के लाभ का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं शीघ्रातिशीघ्र प्रीलिटिगेशन प्रकरण प्रस्तुत कर नोटिस पक्षकारों को तामील कराने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अरविंद कुमार एल.डी.एम., विद्युत विभाग से मोहित देशमुख, गंगाधर मुरमकर, अखिलेश जैन, उमाकांत शुक्ला जिला सहकारी बैंक छिंदवाड़ा, नरेन्द्र जबीत, हेमेन्द्र चौधरी यूनियन बैंक छिंदवाड़ा, प्रिया पाठक, दीपक दीक्षित बैंक ऑफ महाराष्ट्र छिंदवाड़ा, अभय तिवारी, दीपक नाकोड़े, विरेन्द्र कुशवाहा एवं उपस्थित रहे।



## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में प्रशिक्षण जारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित छिंदवाड़ा में नाबार्ड के सहयोग से सॉफ्टकॉब योजना अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (बी पैक्स) के प्रबंधको एवं सेवायुक्तों हेतु बी पैक्स की वित्तीय स्थिति पर एनपीए का प्रभाव विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चल रहा है यह या प्रशिक्षण शिविर 11 नवंबर को संपन्न होगा।

## संजय सिंह का निधन



**परासिया, देशबन्धु।** परासिया निवासी वार्ड नंबर 2 रिंग टॉकीज के पास संजय सिंह पिता मुरारी सिंह का आज शाम को दुखद निधन हो गया है। संजय सिंह ट्रांसपोर्ट व्यापार से जुड़े थे वह अपने पीछे चार बेटी एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी उम्र 56 वर्ष थी आज दिन गुरुवार को स्थानीय मोक्षधाम में 11 बजे उनका अंतिम संस्कार होगा आकस्मिक निधन पर ट्रांसपोर्ट व्यापारियों में शोक व्याप्त है।